# Govt of Karnataka,

## DEPARTMENT OF SCHOOL EDUCATION (PRE- UNIVERSITY)

**Model Question Paper-1**

**2024 - 25**

**I PUC**

**Hindi (03)**

**Time: 3 Hrs.** **Max. Marks: 80**

**(Total No. of Questions: 49)**

---

**सूचना:** 1) **सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |**

2) **प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |**

3) **प्रश्नपत्र ' क ', ख ', ग', 'घ,' इन चार खण्डों में विभाजित है |**

4)'**खण्ड-' क ' के**, **प्रश्न संख्या** 1 **से** 16 **तक के प्रश्नों का उत्तर**, **जो पहली बार लिखा गया हो**, **उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा |**

### खण्ड - ' क '

**1. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10×1=10**

**1 बेनीमाधव सिंह के छोटे बेटे का नाम--**

i) श्रीकंठ सिंह ii)लाल बिहारी सिंह iii) बेनीमाधव सिंह iv) भूपसिंह

**2. असंभव को संभव बनाने वाली चीज है--**

i) प्रेम ii) धन iii) रूपए iv) त्याग

**3.महादेवी वर्मा की बाल्य सखी का नाम लिखिए।**

i) विंधेश्वरी ii) सिलिया iii) आनंदी iv) सीता

**4. 'नालायक' पाठ के लेखक हैं --**

i) विवेकानंद ii) प्रसाद iii) प्रेमचंद iv) विवेकी राय

**5.यमराज का सगा भाई हैं**

i) प्रो. पांडुरंग ii) वैद्य परमानंद iii) किसान iv) राघव

**6. रसखान पक्षी रूप में जन्म लेने पर डाली पर बसना चाहते है**

i) कदंब की डाली ii) वट की डाली iii) अमरूद की डालीiv) सेब की डाली

**7.हरिवंश राय बच्चन के अनुसार दुनिया है**

i) ममतामई ii) गोल iii) सुखी iv) दुखी

**8. युवक की पहली पत्नी का नाम है**

i) राधा ii) प्रेमा iii) सुकेशी iv) शिल्पा

**9.एक चम्मच की कीमत मानी गई है**

i) दस रुपए ii) पाँच रुपए iii) एक रुपए iv) तीन रुपए

**10. सिद्धेश्वरी के मँझले लड़के की उम्र है --**

i) बारह वर्ष ii) दस वर्ष iii) अठारह वर्ष iv) बीस वर्ष

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5

( से, की, का , ने , को)

11. गीता………… पुस्तक मेरे पास है।
12. पेड़…………. पत्ता गिरा।
13. श्याम……………….. पुस्तक पढ़ी।
14. अध्यापक विद्‌यार्थियों…………….. पढ़ाते हैं।
15. उसकी बहन…………… नाम मालती है।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 5×1=5

16. a) खाक में मिलाना i) पिछली बातों को व्यर्थ में याद करना
b) गड़े मुर्दे उखाड़ना ii) धोखा देना
c) टाँग अड़ाना iii) नष्ट भ्रष्ट कर देना
d) चकमा देना iv) व्यर्थ में दखल देना
e) पेट में चूहे कूदना. v) मूर्ख बनाना
vi) जोर की भूख लगना

खण्ड - ' ख '

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2×3=6

17.त्याग और सेवा के बारे में स्वामी विवेकानंद जी के क्या विचार हैं ?
18. धृतराष्ट्र का उल्लेख लेखक ने क्यों किया है ?
19. लंडन के गोलमेज सम्मेलन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला?
20. दिल का दौरा और एनजाइना किन कारणों से होता है ?
21. राष्ट्र को निर्मित करने वाले तत्वों का वर्णन कीजिए।

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2×3=6

22.पर तुमने आज कल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है?
23.'तुम नयी अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नयी रहेंगी और न डाँटेंगी।'
24. हाय राम, वह तो सचमुच बिच्छू लग रहा था, पर वह चलता क्यों नहीं ?
25.मरना तो कोई भी नहीं चाहता, लेकिन मैंने अपने रोगियों को अक्सर मरते देखा है।

III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: 1×2=2

26. तुलसीदास ने मधुर वचन के महत्व का कैसे वर्णन किया है?
27. मीराबाई की कृष्ण भक्ति का वर्णन कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए : 2×2=4

28. 'तोड़ती पत्थर' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए |
29.'उल्लास' कविता के आधार पर मानव हृदय में उठनेवाले भावों को अपने शब्दों में लिखिए।
30. कवि की दुःखी आत्मा का परिचय दीजिए।
31. कवि ने जीवन की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है?
32. नारी के बचपन का चित्रण कीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2×4=8**

**33.** सद्गुरु के परताप तैं मिटि गया सब दुःख दर्द।
कह कबीर दुविधा मिटी, गुरु मिलिया रामानंद ॥

**अथवा**

ज्ञान से अज्ञान दूर होता है,
ज्योति से तमंध दूर होता है,
सत्य से असत्य दूर होता है,
पारस से लोहत्व दूर होता है,
आपके शरणों के अनुभाव से
मेरा भव छूट गया, कूडलसंगम देवा ।

**34.** फल-फूलों से हैं लदी डालियाँ मेरी,
वे हरी पत्तलें-भरी थालियाँ मेरी,
मुनि बालायें हैं यहाँ आलियाँ मेरी ।
तटीनी की लहरें और तालियाँ मेरी।

**अथवा**

प्रतिभा बोली - "यातना, निरन्तर कष्ट सहन की ताकत में
मैं बसती हूँ संघर्ष-निरत साधक में, असिधारा-व्रत में।"

## खण्ड 'ग'

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लिखिए:** **3×3=9**

35. मधुआ बाल मनोविज्ञान से संबंधित कहानी है या नहीं? स्पष्ट कीजिए।
36. श्मशान युवक के बारे में क्या सोचता है और क्यों?
37. चाचा मंगलसेन का परिचय दीजिए |
38. 'क्या जिन्दगी है इन लोगों की...।' चंद्रप्रकाश के इस उद्‌गार पर टिप्पणी कीजिए।
39. हेमलता की मौसी ने सिलिया के साथ कैसा बर्ताव किया?
40. दोपहर का भोजन कहानी का उद्‌देश स्पष्ट कीजिए|

## खण्ड 'घ'

**V. अ) वाक्य शुद्‌ध कीजिए:** **1× 3=3**

41. i) मंदिर की चारों ओर दुकानें हैं।
ii) तालाब के अन्दर छोटी-सी मन्दिर है।
iii) उसने अपने मित्र को एक-सौ रुपया पूछा।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **1× 3=3**

42. i) गोपाल दूध का व्यापार करता था। (वर्तमानकाल में बदलिए)
ii) पिताजी मैसूर जा रहे हैं। (भूतकाल में बदलिए)
iii) उसने दरवाज़ा खोला। (भविष्यत्काल में बदलिए)

**इ) अन्य लिंग रुप लिखिए:** **1× 2=2**

**43. i) भैंस ii) सम्राट**

**ई) अन्य वचन रुप लिखिए: :** **1× 2=2**

**44. i) लकीर ii) कविता**

**उ) समानार्थक शब्द लिखिए:** **1× 2=2**

**45. i) हुलास ii) पारावार**

**ऊ) विलोम शब्द लिखिए :** **1× 2=2**

**46. i) सुपुत्र ii) रात**

**VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **1× 3=3**

47. **हाथ की मेहनत से चीज में जो रस भर आता है, वह भला लोहे के द्वारा बनाई हुई चीज में कहाँ ! जिस आलू को मैं स्वयं बोता हूँ , मैं स्वयं पानी देता हूँ, जिसके इर्द – गिर्द की घास – पात खोदकर मैं साफ करता हूँ, इस आलू में जो रस मुझे आता है वह टीन में बंद किए हुए अचार मुरब्बे में नहीं आता | मेरा विश्वास है कि जिस चीज में मनुष्य के प्यारे हाथ लगते हैं, उसमें उसके हृदय का प्रेम और मन की पवित्रता सूक्ष्म रुप से मिल जाती है और उसमें मुर्दे को जिंदा करने की शक्ति आ जाती है | होटल में बने हुए भोजन यहाँ नीरस होते हैं , क्योंकि वहाँ मनुष्य मशीन बना दिया जाता है|**

**प्रश्न: i) ' प्रस्तुत गद्यांश में लेखक हाथ से भी मशीनों को श्रेष्ठ बता रहे हैं ' वाक्य सही है या गलत ?**

**ii) मुर्दे को जिंदा करने की शक्ति किसमें है?**

**iii) लेखक अचार मुरब्बे से भी किसे श्रेष्ठ बता रहे हैं?**

**आ. 48)** **1×4=4**

**परीक्षा में सफल होने पर बधाई देते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **1×4=4**

**49)**

**i)** ಏಕತೆಯೇ ನಮ್ಮ ಶಕ್ತಿ. **Unity is our Strength.**

**ii).** ಬಿಜಾಪುರವನ್ನು ಆದಿಲ್‌ಶಾಹಿ ರಾಜರು ಆಳುತ್ತಿದ್ದರು. **Bijapur was ruled by King Adilshah.**

**iii).** ನನ್ನಿಂದ ಈ ಕೆಲಸ ಮಾಡಲಾಗುವುದಿಲ್ಲ. **I am unable to do this work.**

**iv)** ನಾವು ಹೊರಗಡೆ ಬಂದಾಗ ಮಳೆಯು ಬರುತ್ತಿತ್ತು. **It was raining when we came out.**

********************